RNI No.-UPHIN2016/70155

KD NEWS आज कल तक

# के.डी.न्यूज

साप्ताहिक
हिन्दी समाचार पत्र

वर्ष–04 अंक–33 सुलतानपुर, 07 जनवरी 2020 पृष्ठ : 08 मूल्य : 3.00 रुपये

## आजाद भारत में पहली बार विकास दर के मुकाबले महंगाई नहीं बढ़ी : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां रामलीला मैदान में सोमवार से शुरू हुए व्यापारियों के सबसे बड़े सम्मेलन में आश्वासन दिया कि देश की अर्थव्यवस्था में जल्द सुधार होगा।



उन्होंने सरकार के बचाव में यह सफाई भी दी कि दुनिया के कई विकसित देशों के मुकाबले भारत वैश्विक आर्थिक मंदी से कम प्रभावित है, साथ ही उन्होंने दावा किया कि आजाद भारत में पहली बार विकास दर के मुकाबले महंगाई दर को मोदी सरकार ने बढ़ने नहीं दिया। राजनाथ ने कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी महाअधिवेशन का उद्घाटन करते हुए व्यापारियों को देशभक्त बताया और कहा कि उनकी समस्याओं को लेकर सरकार संजीदा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी को लेकर जो भी कठिनाई व्यापारियों के सामने आ रही है, उसे सरकार दूर कर रही है। राजनाथ ने व्यापारियों के इस सम्मेलन में अर्थव्यवस्था पर सरकार की तरफ से प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, जहां तक देश की अर्थव्यवस्था का सवाल है तो कुछ लोग यह कह सकते हैं कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में ग्रोथ रेट कम हुआ है। लेकिन भारत ही नहीं दुनिया के कई विकसित देश इस वैश्विक आर्थिक मंदी से प्रभावित हैं। सच तो यह है कि दुनिया के विकसित देश हमारे मुकाबले ज्यादा इस मंदी से प्रभावित हैं। राजनाथ सिंह ने पिछली राजग और संप्रग सरकारों के दौरान भी देश के इस तरह की मंदी का सामना करने की बात कही। उन्होंने कहा, "आजाद भारत के इतिहास के पन्नों को पलटकर देखें तो हर दशक में एक ऐसा दौर आया है। अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार से लेकर मनमोहन सिंह की सरकार में वैश्विक आर्थिक मंदी का दौर चला था। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने वैश्विक आर्थिक मंदी से देश को निकालने में कामयाबी हासिल की थी। भारत में ऐसी आंतरिक शक्ति है, जो देश को ऐसी मंदी की समस्याओं का सामना करने की ताकत प्रदान करती है। राजनाथ ने व्यापारियों से कहा, मैं आपको आश्वासन देता हूं कि वैश्विक आर्थिक मंदी के कारण जो भी समस्याएं सामने आ रही हैं, हम जल्द उन पर विजय प्राप्त कर लेंगे।" उन्होंने देश में महंगाई रोकने में मोदी सरकार को सफल बताया और कहा, आजाद भारत में यह पहला अवसर है, जब हमारी सरकार ने ग्रोथ रेट के मुकाबले महंगाई को बढ़ने नहीं दिया। पहले नॉर्मल ग्रोथ रेट के मुकाबले महंगाई की दर डेढ़ गुना, दो गुना और ढाई गुना तक बढ़ती थी। मगर पिछले साढ़े पांच वर्षों में हमारी सरकार ने महंगाई दर को बढ़ने नहीं दिया। कहीं न कहीं इस सरकार ने ऐसा कुछ किया, जिससे महंगाई नहीं बढ़ी।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान, 8 फरवरी को मतदान, 11 को आयेंगे नतीजे

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा की सभी सीटों के लिये मतदान 8 फरवरी को और मतगणना 11 फरवरी को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त अरोड़ा ने संवाददाताओं को बताया, दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जनवरी है जबकि नामांकन पत्र की जांच 22 जनवरी को होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 जनवरी है। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं जिसमें से 58 सामान्य श्रेणी की है जबकि 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित हैं। अरोड़ा ने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में विभिन्न कानून अनुपालन एजेंसियों के साथ व्यापक चर्चा की गई है जिसमें सुरक्षा से जुड़े आयाम भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव तरीख की घोषणा के बाद ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी। 2689 जगहों पर वोटिंग होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में 1,46, 92,136 वोटर अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव आयुक्त ने बताया पोलिंग स्टेशन पर मोबाइल फोन के लिए लॉकर की सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही सी–विजिल ऐप के जरिए आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों को दर्ज कराया जा सकेगा। चुनाव में 90 हजार कर्मचारियों की जरूरत होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि वरिष्ट नागरिकों के लिए आयोग ने खास इंतजाम किया है। चुनाव खर्च को लेकर कड़ाई से पालन किया जाएगा। 13,757 पोलिंग बूथ बनाये जाएंगे। 2015 विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 70 सीटों में 67 सीटों पर जीत दर्ज की थी और भाजपा को केवल 3 सीटें ही मिली। कांग्रेस ने अपना खाता भी नहीं खोला था।

## बसपा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, कहा–सीएए के नाम पर निर्दोष लोगों को परेशान किया जा रहा

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिला। करीब आधे घंटे चली इस मुलाकात में प्रतिनिधि मंडल ने सीएए प्रदर्शन को लेकर हो रही कार्रवाई पर अपना ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के बाद बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने मीडिया को बताया कि सीएए के नाम पर निर्दोष लोगों को परेशान किया जा रहा है। निर्दोष लोगों की रिहाई को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की गई है। जिन लोगों ने हिंसा की है, उन्हें सजा जरूर मिले लेकिन कोई भी निर्दोष नागरिक परेशान न हो। मिश्रा ने कहा कि राज्यपाल ने ज्ञापन लेने के साथ ही आश्वासन भी दिया है कि प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों को 25 से 50 लाख मुआवजा दिया जाएगा। मिश्रा




ने कहा कि 5 लाख का मुआवजा की बात जो सपा ने की है उससे कुछ होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि 25 से 50 लाख तक का मुआवजा दिया जाना चाहिए। वहीं जेएनयू मामले पर भी सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि छात्रों के साथ हो रही मारपीट का मामला निंदनीय है। उन्होंने कहा इस मामले में चिन्हित लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। आंदोलन करने के बारे में जब मीडिया ने उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि हमारे प्रदर्शन करने का तरीका अलग है। बसपा द्वारा सड़कों पर आंदोलन न किए जाने के सवाल पर सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि हमारी पार्टी सड़कों पर तोड़–फोड़ करना उचित नहीं समझती है। हमने तमाम मुद्दों पर लोकसभा से लेकर राज्यसभा ,विधानसभा विधान परिषद तक विरोध प्रदर्शन किया है। सीएए का भी हम ने विरोध किया है।

## जेएनयू हिंसा की न्यायिक जांच हो : सोनिया गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज बीती रात जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में हुई भारी हिंसा की न्यायिक जांच की मांग की। इस हिंसा में कई छात्र और संकाय के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बयान में उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी जेएनयू छात्रों के साथ एकजुटता से खड़ी है। सोनिया गांधी ने कहा, पूरी कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं और छात्रों के साथ एकजुटता से खड़ी है। हम कल (रविवार) जेएनयू में हुई प्रायोजित हिंसा का कड़ा विरोध करते हैं और इसकी स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग करते हैं। उन्होंने कहा, देश के युवाओं और छात्रों की आवाज को हर रोज दबाया जा रहा है। सत्तारूढ़ मोदी सरकार के उकसावे पर भारत के युवाओं पर गुंडों द्वारा करवाई जा रही भयावह व अभूतपूर्व हिंसा निंदनीय और अस्वीकार्य है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उल्लेख किया कि देशभर के विश्वविद्यालय परिसरों और कॉलेजों में पुलिस या वाम विरोधी तत्वों द्वारा छापे की घटना आम बात हो गई है और आरोप लगाया कि इसे भाजपा सरकार का समर्थन प्राप्त है। बयान में कहा गया, बीते रोज जेएनयू में छात्रों व शिक्षकों पर भयावह हमला हुआ, यह असंतोष की आवाज को सरकार द्वारा दबाने के किसी हद तक जाने की याद दिलाता है।

**आवश्यकता है**

के.डी.न्यूज समाचार पत्र/पोर्टल हेतु ब्लाक संवाददाता, व तहसील संवाददाता की आवश्यकता है।

–सम्पादक
के.डी.न्यूज
मो. 9415739288, 9721748962

# सम्पादकीय

दोहरी चुनौतियों से दो–चार सरकार

संजय गुप्त

नए साल में भाजपा को आगे की अपनी राह तय करने के साथ ही बीते साल के अपने सफर पर भी गौर करना चाहिए। ऐसा करते समय वह यही पाएगी कि यह कालखंड उसके लिए मिली–जुली सफलता का रहा। जहां शुरुआती छह माह तो उसकी तूती बोलती रही और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उसने तमाम आकलन को धता बताते हुए भारी–भरकम जीत के साथ दूसरी पारी शुरू की, वहीं पारी शुरू करने के कुछ समय बाद ही उसके सामने एक के बाद एक चुनौतियां खड़ी होने लगीं। पहली चुनौती आर्थिक मोर्चे पर उभरी। अर्थव्यवस्था में गिरावट ने आर्थिक सुस्ती का रूप ले लिया। इसके बाद भाजपा को राज्य विधानसभा चुनावों में अपेक्षित नतीजे नहीं मिले। उसने हरियाणा को तो जैसे–तैसे बचा लिया, लेकिन शिवसेना की दगाबाजी से महाराष्ट्र को गंवा दिया। इसके बाद झारखंड में भी वह अपनी सरकार नहीं बचा सकी। ऐसा तब हुआ, जब मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही तीन तलाक संबंधी कानून को अंतिम रूप देने और जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को खत्म करने में कामयाब रही। इसमें दोराय नहीं कि इन दोनों बड़े फैसलों से मोदी सरकार एक सशक्त सरकार के रूप में उभरी। हालांकि इसी समय उसे सुषमा स्वराज के आकस्मिक निधन से एक बड़ा आघात लगा। वह इस आघात से उबर पाती कि अरुण जेटली की भी निधन हो गया। हालांकि खराब सेहत के चलते इन दोनों नेताओं ने खुद को चुनाव से दूर रखा और मंत्रिपरिषद में भी शामिल नहीं हुए, फिर भी इसमें दोराय नहीं कि वे भाजपा और सरकार के लिए एक बड़ी ताकत थे। अरुण जेटली तो खराब सेहत के बाद भी संकटमोचक की भूमिका निभा रहे थे।



अरुण जेटली की जगह वित्त मंत्रालय का कार्यभार निर्मला सीतारमण ने संभाला और वह देश की पहली महिला वित्त मंत्री बनीं। लेकिन उनके पहले बजट से आम आदमी और कॉरपोरेट जगत को निराशा ही हाथ अधिक लगी। यह निराशा तब और बढ़ गई, जब आर्थिक सुस्ती गहराने लगी। इस आर्थिक सुस्ती से निपटने के लिए वित्त मंत्री ने एक के बाद एक कई फैसले लिए, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण रहा कॉरपोरेट टैक्स में कटौती का, लेकिन ये सभी फैसले उद्योगपतियों का भरोसा बढ़ाने में सहायक नहीं साबित हुए। देखना है कि उनके दूसरे बजट से क्या सूरत बनती है? उन्होंने बजट की तैयारी शुरू कर दी है। उद्योगपतियों की समस्याओं को जानने के लिए वित्त मंत्री के साथ–साथ खुद प्रधानमंत्री भी उनसे मुलाकात कर रहे हैं। वह इन मुलाकातों में और अन्यत्र भी इस बात को लगातार रेखांकित कर रहे हैं कि अगले पांच वर्षों में देश पांच ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल कर लेगा। इस लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के बाद भी इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भारतीय अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए कम से कम आठ–नौ फीसदी सालाना की दर से चलना होगा। यदि इस समय हम कारोबारियों के साथ आम आदमी की मनोदशा देखें तो कोई भी इस लक्ष्य को लेकर बहुत उत्साहित नहीं दिखता। जहां आम उपभोक्ता तमाम आशंकाओं से घिरे होने के कारण खुलकर खर्च करने को तैयार नहीं, वहीं उद्योगपति भी निवेश करने से बच रहे हैं। इस सबके बीच सरकार कर चोरों पर लगातार सख्ती करती चली जा रही है। कुछ क्षेत्रों में तो यह सख्ती बढ़ती भी दिख रही है। समस्या यह है कि इस सख्ती को लेकर यह दुष्प्रचार हो रहा है कि सरकार उद्योगपतियों को बेवजह परेशान कर रही है। यह वह स्थिति है जो कारोबार जगत का मनोबल बढ़ाने वाली नहीं कही जा सकती, जबकि आज यह आवश्यक है कि उद्योग–व्यापार जगत उत्साहित दिखे। शायद सरकार भी असमंजस में है कि वह कारोबारियों का मनोबल किस तरह बढ़ाए? आज जब उद्योगपति सरकार से राहत और रियायत की तमाम उम्मीदें कर रहे हैं, तब उन्हें यह ध्यान रखना होगा कि यह सरकार दो नंबर के तौर–तरीके सहन करने के लिए तैयार नहीं है। इसीलिए वह उच्च स्तर के भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त है। प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह इस प्रतिबद्धता को बार–बार प्रकट भी करते हैं। इस स्थिति में किसी को यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि प्रधानमंत्री भ्रष्ट तौर–तरीकों के लिए कोई गुंजाइश बनने देंगे। स्पष्ट है कि कारोबार जगत को यह समझना होगा कि पुराने तौर–तरीके चलने वाले नहीं हैं और उसे साफ–सुथरे तरीके अपनाने ही होंगे। मोदी सरकार के सामने चुनौती केवल यही नहीं कि वह आर्थिक माहौल को दुरुस्त कर कारोबार जगत को उत्साहित करे, बल्कि यह भी है कि राजनीतिक माहौल को भी ठीक करे। इन दिनों नागरिकता संशोधन कानून, नागरिकता रजिस्टर यानी एनआरसी और जनसंख्या रजिस्टर अर्थात एनपीआर को लेकर विपक्षी दलों ने एक भ्रम का माहौल बना रखा है। सरकार के तमाम स्पष्टीकरण के बाद भी विपक्षी दल लोगों को बहकाकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे दुष्प्रचार का सहारा लेकर राजनीतिक और साथ ही सामाजिक माहौल में भी कलह घोलने का काम रहे हैं। यह ठीक है कि सरकार ने ये साफ कर दिया है कि वह नागरिकता कानून पर एक इंच भी पीछे नहीं हटेगी, लेकिन शायद केवल इतना ही पर्याप्त नहीं। उसे उन कुतर्कों और भ्रम की काट भी करनी होगी,

# असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश

अंकित ''राधे''

साल के अंत में सभी उपक्रम अपनी स्थिति की पड़ताल करते हैं कि आखिर क्या गलत हुआ और उसे सुधारने के लिए क्या किया जा सकता है। राजनीति में यह कवायद लगभग असंभव है। राजनीतिक दल विरले ही अपनी गलतियों को स्वीकार कर उन्हें सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाते हैं। उनका एजेंडा लंबी अवधि को ध्यान में रखकर काम करता है। यह एजेंडा अक्सर वैचारिक आवरण में लिपटा होता है। चूंकि राजनीति में संभावित परिणामों के निश्चित विश्लेषण को लेकर तमाम जटिलताएं होती हैं, इसलिए यह बताने का जिम्मा बाहरी लोगों पर आ जाता है कि गुजरे हुए वक्त में आखिर क्या–क्या गलत हुआ? इस सिलसिले में प्रधानमंत्री मोदी की चर्चा सबसे पहले करनी होगी। मोदी को भारत और उसके इतिहास एवं संस्कृति की कोई समझ नहीं है। उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि अनूठी ऐतिहासिक ताकतों ने भारत को जन्म दिया है। इनमें से किसी भी शक्ति का संबंध किसी विशेष नस्ल, धर्म या भाषा से नहीं है। कोई भी व्यक्ति अभी तक इस विविधता की थाह नहीं ले पाया है। कोई भी आक्रांता कभी भारत की आत्मा पर प्रहार नहीं कर सका। स्पष्ट है कि जब तक आप भारत को समझेंगे नहीं, तब तक उस पर भलीभांति शासन नहीं कर सकते।

भारत पर कोई एजेंडा नहीं थोपा जा सकता। ब्रिटिश साम्राज्य और उसकी सरपरस्ती में चलने वाली रियासतों के दौर में राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान ही हमारी राष्ट्रीयता की आधारशिला रखी जा चुकी थी। राष्ट्रीय आंदोलन में विभिन्न् विचारों, संस्कृति और भाषाई विविधता का समावेश था। इन तत्वों की अनुपस्थिति में हमारी राष्ट्रीयता अर्थ खो देती। यदि मोदी विविधता के पर्याय भारत को एकजुट करने में कांग्रेस के महान योगदान को समझते तो उन्हें महसूस होता कि भारत की बुनियाद के लिए हिंदुत्व एक अभिशाप है।जहां तक हिंदुओं की बात है तो वे खुद एक जातिगत वर्ण व्यवस्था की जकड़न में फंसे हुए हैं। ऐसे में हिंदू को परिभाषित करना ही मुश्किल है। दलित और पिछड़े वर्गों के लोग सदियों से सवर्ण जातियों के हाथों हुए अपमान और उत्पीड़न को न भूल सकते हैं और न उसके लिए उन्हें माफ कर सकते हैं। आरएसएस और भाजपा जिस किस्म के हिंदुत्व को बढ़ावा देकर हिंदू धर्म की सभी धाराओं को एक मंच पर लाना चाहते हैं, वह रणनीति कारगर नहीं हो सकती। मोदी को यह समझने की दरकार है। पहले 2014 और फिर 2019 में मोदी को इतनी बड़ी चुनावी सफलता इसीलिए मिली, क्योंकि उन्होंने लोगों को अच्छे दिनों का सपना दिखाया। जमीनी स्तर पर आरएसएस का सुगठित ढांचा मोदी के लिए और मददगार साबित हुआ। वहीं विपक्षी खेमा ऐसे ही किसी आकर्षक वैकल्पिक एजेंडे के जरिये जनता को लुभा नहीं सका। आज समस्या यह है कि मोदी ने जो सपना दिखाया, वह चकनाचूर हो गया है। नोटबंदी और बेतरतीब तरीके एवं जल्दबाजी में लागू किए गए जीएसटी ने अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया है। बेरोजगारी ने देश के युवाओं को आक्रोशित कर दिया है। हाल–फिलहाल राहत के कोई आसार नहीं दिख रहे। निर्यात पस्त है। आयात भी सुस्त है। 1980 के दशक के बाद पहली बार ग्रामीण मांग में कमी का रुख देखा जा रहा है। कंपनियों के मुनाफे में भारी कमी आई है। कंपनियों द्वारा ब्याज अदायगी और उनके मुनाफे में अंतर पांच प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया। यह बहुत ही विचलित करने वाली तस्वीर है। कृषि क्षेत्र बमुश्किल दो प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहा है। सरकारी बैंकों का एनपीए घटकर हालांकि 9.3 प्रतिशत हो गया है, लेकिन यह अभी भी असहज करने वाले स्तर पर कायम है। कर्ज की मांग में जबर्दस्त कमी आई है। यहां तक कि प्रतिस्पर्द्धी वैश्विक परिदृश्य में आईटी क्षेत्र की कमाई को भी गहरा झटका लगा है। बिजली उपभोग से लेकर उद्योगों में कच्चे माल की खपत कम हुई है। परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष कर संग्रह में आशाजनक बढ़ोतरी के संकेत नहीं दिख रहे। अप्रत्यक्ष कर राजस्व में भी अपेक्षा से कम का रुझान है। इससे सरकारी खर्च के लिए खजाना तंग होता जाएगा। कुल मिलाकर हमारा आर्थिक परिदृश्य बदरंग दिखाई पड़ता है। चूंकि मोदी आर्थिक मोर्चे को नहीं साध सकते तो वह देश में ध्रुवीकरण के जरिये राजनीतिक लाभ लेने की जुगत में हैं। इससे दो मकसद पूरे होते हैं। एक तो लोगों का रोजमर्रा के वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटता है। दूसरा मकसद राजनीतिक पूंजी जुटाने का है। यह सही है कि असम में एनआरसी की कवायद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हुई, लेकिन इसे मोदी सरकार का पूरा समर्थन मिला। ऐसा इसलिए, क्योंकि सरकार को उम्मीद थी कि इससे लाखों मुस्लिम छंट जाएंगे। बहरहाल, यह दांव तो उल्टा पड़ गया, क्योंकि असम एनआरसी में लाखों हिंदू बाहर हो गए। परिणामस्वरूप सरकार को नागरिकता संशोधन कानून बनाना पड़ा, ताकि गैर–मुस्लिम अवैध प्रवासियों को नागरिकता दी जा सके। असम इस पर इसीलिए उद्वेलित है, क्योंकि स्थानीय लोग हिंदू और मुस्लिम दोनों में से किसी को भी अपने यहां नहीं रखना चाहते। इससे उन्हें अपनी जनसांख्यिकी बिगड़ने का अंदेशा है। शेष भारत में लोग इस कारण सशंकित हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि ऐसी कवायद से उनका भारत में रहने का अधिकार खतरे में पड़ सकता है। खासतौर से गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को यह डर ज्यादा सता रहा है। राष्ट्रव्यापी एनआरसी को लेकर बहुत कम समर्थन मिलता दिख रहा है। तकरीबन सभी गैर–भाजपा शासित राज्यों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने सूबों में एनआरसी की इजाजत नहीं देंगे। अब राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर यानी एनपीआर की कवायद को भी संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है, क्योंकि इसमें तमाम अतिरिक्त सूचनाएं मांगी जा रही हैं। इस बीच छात्रों की छवि बिगाड़ने की अतार्कि ककोशिश ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। पुलिस की ज्यादती ने देश भर के लोगों को एकजुट कर दिया और वे मोदी सरकार की विभाजनकारी नीतियों के विरोध में सड़कों पर उतर रहे हैं। अगर यह आंदोलन जोर पकड़ता है तो अर्थव्यवस्था को और झटका लगेगा। उत्तर प्रदेश के घटनाक्रम से यह स्पष्ट हो रहा है कि पुलिस कानून एवं व्यवस्था को कायम रखने वाला एक पेशेवर संगठन नहीं, बल्कि अपने राजनीतिक आकाओं की खुशामद करने वाली संस्था बन गई है। इससे सामाजिक विभाजन की खाई और चौड़ी होगी। लोकसभा में स्पष्ट बहुमत के दम पर मोदी को अर्थव्यवस्था के कायाकल्प में जुटना चाहिए था, मगर राजनीति की बिसात पर अर्थव्यवस्था हत्थे से उखड़ गई। राजनीति को ध्यान में रखकर लिए गए मोदी सरकार के आर्थिक फैसले बंटाधार कराने वाले रहे। राजनीति भी गलत दिशा में जा रही है, क्योंकि एक राष्ट्रीय शक्ति के रूप में हिंदुत्व की प्रकृति लोकतंत्र एवं समतामूलक समाज के विरुद्ध है। इसके वैचारिक प्रवर्तन में समावेशन की क्षमता नहीं है। नए वर्ष में मोदी को यह सोचना होगा कि क्या वह अपनी हठधर्मिता कायम रखेंगे या अपने बहुमत का इस्तेमाल पेशेवर तरीके से फैसले कर अर्थव्यवस्था के कायाकल्प में करेंगे? इन विकल्पों में से उनका चयन ही हमारे भविष्य को निर्धारित करेगा। वैसे किसी भी सूरत में चुनौतियां कम नहीं रहेंगी।

(लेखक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)

# जनपद के चहुमुखी विकास हेतु सभी के सहयोग की अपेक्षा : जिलाधिकारी

सुलतानपुर। नव वर्ष के शुभ अवसर पर जनपद के अधिकारियों, पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, उद्यमियों, गणमान्य नागरिकों, महिला संगठनों आदि ने जिलाधिकारी से भेंटकर हार्दिक शुभकामनाएं दी। वहीं जिलाधिकारी सी0 इन्दुमती ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनपद के चहुमुखी विकास हेतु सभी से सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वर्ष 2020 में जनपद के अन्तर्गत कराये जाने वाले प्राथमिकता के कार्यों का ब्यौरा देते हुए बताया कि डपेपवद जीवनेंदक के अन्तर्गत 1000 नर्सरी की स्थापना, 1000 मत्स्य पालन का पट्टा करना, 1000 तालाबों का जीर्णोद्धार कराकर उसके चारों ओर वृक्षारोपण किया जाना, 1000 कम्पोस्ट खाद के गड्ढों एवं 1000 शोक पिट तैयार कराना, गोमती नदी के तटीय क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त करना तथा पर्यावरण की दृष्टि से तटीय क्षेत्रों का जीर्णोद्धार कर विकसित करना, महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को सीडबाल एवं मूंज प्रोजेक्ट के अन्तर्गत अधिक से अधिक उत्पादन कर बाजारीकरण के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बेहतर कर उन्हें सशक्त बनाना, कायाकल्प योजनान्तर्गत बेसिक विद्यालयों को सुसज्जित करते हुए बेसिक शिक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार लाना, तहसील बल्दीराय के ग्राम तिरहुत को जल गाँव के रूप में विकसित करना, आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक संख्या में जारी कर उसे शत–प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुँचाना, जिससे उन्हें शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके।उन्होंने बताया कि एग्रीकल्चरल डाइवर्सिटिफिकेशन के माध्यम से कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण पर बल दिया जाना, कम्पोस्ट खाद का अधिक प्रयोग किए जाने हेतु कृषकों को प्रेरित करना, एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत मूंज से निर्मित उत्पादों का व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए 30 इकाइयों के माध्यम से बाध, टोकरियों, मेजकुर्सियों, बैगध्झोला एवं रैक आलमारी का निर्माण कराकर बाजारीकरण करते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कराने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है, One District One Destination के अन्तर्गत जनपद सुलतानपुर को रामायण सर्किट में शामिल करते हुए पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाएगा, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा पर विशेष सतर्क दृष्टि रखते हुए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी, गोवंश क्लब गठित करते हुए जनपद में स्थित गोशालाओं को सुदृढ़ कर उनमें संरक्षित गोवंशों से उत्पन्न होने वाले गोबर, गोमूत्र से कम्पोस्ट खाद तैयार कर एवं उनके दूध की बिक्री कर गोशाला में कार्यरत कार्मिकों के आर्थिक स्तर में सुधार लाना, ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में नालियों का निर्माण कराते हुए उसे ड्रेनेज सिस्टम से जोड़कर पानी को मुख्य नाला में प्रवाहित कराते हुए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जल भराव की समस्या को दूर करते हुए नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाना, स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को योग्यता के अनुरूप सशक्त बनाते हुए स्वरोजगार उपलब्ध कराते हुए लाभान्वित किया जाना आदि को प्राथमिकता के साथ कराया जायेगा, जिसमें सभी को सकारात्मक सोंच के साथ लगकर जिले के चहुमुखी विकास में सहयोग देना होगा।

# दिव्यांगजनों के चिन्हांकन एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण सम्बन्धी बैठक आयोजित

सुलतानपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के दिशा निर्देशानुसार 01 जनवरी, 2020 के आधार पर विधान सभाग निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी सदर रामजी लाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गयी, जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर दिव्यांगों,दिव्यांग पेंशनर्स की सूची उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में अर्हर दिव्यांग मतदाताओं के श्रेणीवार चिन्हांकन एवं उनके नाम शामिल किये जाने के सम्बन्ध में जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा दिव्यांगोंध दिव्यांग पेंशनरों की सूची उपलब्ध करायी जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि दिव्यांगजनों को जारी प्रमाण पत्रों तथा उपरोक्त स्रोतों के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से भी दिव्यांगजनों के सम्बन्ध में सूचनायें प्राप्त करते हुए उसकी सूची ग्रामवारध क्षेत्रवार पृथक कर क्षेत्रीय बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सीबीएन त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी लम्भुआ विधेश, उप जिलाधिकारी कादीपुर महेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी जयसिंहपुर राम अवतार सहित सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर में ब्लाकवार निकली खुली भर्तियां

सुलतानपुर। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि भारतीय सुरक्षा परिषद की ओर से एस0एस0सी0आई0 के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षा कार्य में आयोजित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोंपरान्त स्थायी रोजगार देने के लिये 10 जनवरी को विकास खण्ड दूबेपुर में, 11 को कूरेभार में, 13 को धनपतगंज में, 14 को बल्दीराय में, 15 को कुड़वार में, 16 को जयसिंहपुरध मोतिगरपुर में, 17 को दोस्तपुर में, 18 को अखण्डनगर में, 20 को प्रतापपुर कमैचा में, 21 को लम्भुआ में, 22 को भदैयाँ में तथा 23 जनवरी को कादीपुरध करौंदीकला में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को अपने विभाग का सभाकक्ष उपलब्ध कराने के साथ ही भर्ती में किसी प्रकार का अवैधानिक कार्य न हो पाये, के निर्देश दिये।

# उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग अंजू चौधरी द्वारा जिला महिला चिकित्सालय व वृद्धाश्रम का किया गया निरीक्षण

सुलतानपुर। उपाध्यक्ष, राज्य महिला आयोग(दर्जा उपमंत्री स्तर) अंजू चौधरी द्वारा जनपद भ्रमण के दूसरे दिन आज जिला चिकित्सालय और वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय के एस0एन0सी0यू0 वार्ड एवं 100 शैया विंग का निरीक्षण के दौरान जिला महिला चिकित्साधीक्षक को निर्देशित किया कि सभी नवजात शिशुओं (कन्या प्रथमध्द्वितीय प्रसव परिवार का साइज 02 बच्चे) का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का आवेदन करवाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात उपाध्यक्ष द्वारा वृद्धा आश्रम (पयागीपुर) का भी निरीक्षण करने के उपरान्त यह पाया कि उक्त आश्रम प्रथम तल व द्वितीय तल पर संचालित है, अतिवृद्ध जनों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए संस्था संचालक को निर्देशित किया गया कि द्वितीय मंजिल पर वृद्ध जनों को जीने पर चढ़ने व उतरने में असुविधा होती है तथा मुख्य सड़क मार्ग से काफी दूर है। ऐसी दशा में सड़क के नजदीक भूतल पर ही आश्रम संचालित किया जाये एवं आश्रम में रहने वाले पात्र प्रत्येक वृद्ध जनों को वृद्धा पेंशन से आच्छादित किया जाये। उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग द्वारा वृद्धा आश्रम में रह रहे। वृद्ध जनों को फल भी वितरण किया गया। भ्रमण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0बी0सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी के प्रतिनिधि, महिला थानाध्यक्ष मीरा कुशवाहा सहित महिला कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## ट्रक ने साइकिल को मारी टक्कर, दो की मौत

सुलतानपुर। मोतिगरपुर–दोस्तपुर मार्ग पर ढेमा बाजार के पास एक साइकिल पर सवार दो लोगों को पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना कर भाग रहे ट्रक को दोस्तपुर पुलिस ने पकड़ा है। दोनों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बिरतिहा निवासी भुइल का 25 वर्षीय बेटा रमेश बुधवार की दोपहर में करीब 12 बजे साइकिल से ढेमा बाजार जा रहा था। पड़ोस के गांव के गोपालपुर बड़ागांव निवासी सभाजीत (14) पुत्र पवन कुमार भी उसके साथ साइकिल पर सवार हो गया। दोनों ढेमा बाजार के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे ट्रक ने दोनों को रौंद दिया। दोनों के शव क्षत–विक्षत हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की सूचना मोतिगरपुर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने दोस्तपुर थाना को सूचित किया। दोस्तपुर पुलिस ने ट्रक को खड़ा करवा लिया। पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कारवाई कर रही है।

## कम्बल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

सुलतानपुर। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के तत्वाधान में पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में पहुंचकर जिलाधिकारी सी0 इंदुमती ने गरीब, असहाय, निर्बल, अति जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया तथा प्रशासन के साथ ही ऐसे पुनीत कार्य करने हेतु अधिवक्ता गणों की सराहना की साथ ही उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ स्वयं सेवियों, उद्यमियों व अन्य संभ्रान्त नागरिकों से ऐसे पुनीत के कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपेक्षा की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(प्रशा0) हर्ष देव पाण्डेय सहित अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## उद्यमियों हेतु प्लाटों का आवंटन

सुलतानपुर। औद्योगिक आस्थान में प्रशासनिक भवन के पीछे उत्तर तरफ विद्युत कन्ट्रोल रूम हेतु लगभग 400 वर्गगज निष्प्रयोज्य भूमि में प्लाट बनाये जाने के उपरान्त जनपद के इच्छुक उद्यमियों को आवंटन हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये गये थे, जिसके परीक्षणोपरान्त एक भी अनुसूचित जातिध जनजाति के आवेदन–पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, जिसके दृष्टिगत रखते हुए आवेदन–पत्र पुनः आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक उद्यमी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र से सम्पर्क स्थापित कर आवेदन–पत्र व अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने किया पौधरोपण

सुलतानपुर। नव वर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी सी0 इन्दुमती ने कलेक्ट्रेट परिसर में दो मौलश्री के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(प्रशा0) हर्ष देव पाण्डेय व अन्य अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

## गोमती मित्रों का है कहना, गुरुद्वारे पर हमला नहीं है सहना

सुलतानपुर। गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन एवं मीडिया प्रभारीध्प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी के हवाले से पाकिस्तान में ननकाना साहब गुरुद्वारे पर हुए हमले की कठोर शब्दों में भर्त्सना करते हुए भारत सरकार से उचित कदम उठाने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की अपील की है। पाकिस्तान में कट्टरपंथियों द्वारा किया गया यह कृत्य निंदनीय है। साथ ही दर्शाता है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की क्या स्थिति है।अंतरराष्ट्रीय जगत को इसका तत्काल संज्ञान लेते हुए पाकिस्तान के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

## एक दिवस में दो श्रमदान, क्षत्रिय भवन संग सीताकुंड धाम

सुलतानपुर। गोमती मित्र मंडल का साप्ताहिक श्रमदान ५ जनवरी २०२० को भी बदस्तूर जारी था।नववर्ष का पहला सप्ताहिक श्रमदान होने से सभी गोमती मित्रों में गजब का उत्साह था।सीताकुंड धाम के साथ–साथ गोमती मित्रों द्वारा क्षत्रिय भवन परिसर जहां पर्यावरण कार्यशाला आयोजित होनी थी,वहां पर भी स्वच्छता श्रमदान आयोजित करके लोगों को जागरूक करने का अभूतपूर्व प्रयास किया गया। प्रातः ६.०० बजे से शुरू होकर के १०.०० बजे तक श्रमदान लगातार चलता रहा। श्रमदान में बाल मंडल की विशेष भूमिका रही। जिसमे प्रांजल, दिव्यांश, श्रेयांश, राज, लकी, वासु, अभय आदि ने बहुत मेहनत की। श्रमदान मदन सिंह के नेतृत्व में रतन कसौधन, रमेश माहेश्वरी, संतकुमार, राजेश पाठक, अजय प्रताप सिंह,डॉ कुँवर दिनकर प्रताप सिंह, बिपिन, दाऊजी, सौरभ, जयनाथ, श्याम, मोहित आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## नटोली गांव में एक विशाल टूर्नामेंट खान क्रिकेट कलब का भव्य उद्घाटन

सुलतानपुर। खेल से शरीर को नई उर्जा एवं बल मिलता है– यूथ समाजसेवी एवं जिला पंचायत उम्मीदवार गुलाम हैदर उर्फ बब्बू ने उक्त बातें कही। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा नटोली में खान क्रिकेट क्लब का भव्य उद्घाटन हुआ। इस उद्घाटन के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी एवं जिला पंचायत उम्मीदवार गुलाम हैदर उर्फ बब्बू ने फीता काटकर क्रिकेट का उद्घाटन एवं आगाज किया।टूर्नामेंट में कुछ शर्तें लागू की गई है।प्रत्येक खिलाड़ी एक ही ग्राम सभा का होना चाहिए सभी खिलाड़ियों का आधार कार्ड जमा होगा प्रत्येक मैच 10 ओवर का खेला जाएगा।टूर्नामेंट के अध्यक्ष लाल मोहम्मद और उपाध्यक्ष अकलीम खान और कोषाध्यक्ष अशफाक खान हैं।इस टूर्नामेंट के उद्घाटन के मौके पर कमेटी के सदस्य एहसान खान, एराक खान, शाहिद खान,जुनेद खान, जसीम खान, शोएब खान, सोनू, और क्षेत्र के गुलाम नबी, मोनू,सुल्तान खान,आदि लोगउपस्थित थे।

# आठ जनवरी को सीएए के पक्ष में निकलेगा शांति मार्च

## अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी भी होंगे समलित

सुल्तानपुर। नागरिक संशोधन अधिनियम सीएए 2019 के पक्ष लोक जागरण अभियान के तत्वावधान में दिनांक आठ जनवरी को जनपद सुल्तानपुर में एक विशाल शांति मार्च निकाला जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में व्यापारियों व उद्यमियों ने भी सम्मलित होने की तैयारी की है। इसी के संबंध में कल देर रात अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी की अगुवाई मे एक बैठक जिला प्रभारी अनूप श्रीवास्तव के कैंप कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी ने कहा किहम सीएए का समर्थन करते हैं। जब देश रहेगा तभी हम रहेंगे। और इस अधिनियम से भारत में रहने वाले किसी भी भारतीय को कोई नुकसान नहीं है। यह भारत वर्ष के प्रत्येक भारतीय के हित में है।कुछ लोग जो देशहित में नहीं सोचते हैं वे इस अधिनियम का झूठा विरोध किये और देश की संपत्ति को नुकष्सान पहुँचाए। इसलिए हम जनपद के व्यापारी देशहित में जनहित में इस अधिनियम के पक्ष में निकलने वाले शांति मार्च का समर्थन करते हैं। हजारों की संख्या में इस शांति मार्च में सम्मलित होंगे। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मदेव शुक्ल, जयशंकर त्रिपाठी, बासुदेव कसौधन, जिला संगठन महामंत्री रमेश जोशी उपतहसील अध्यक्ष लंभुआ,तहसील अध्यक्ष शिवशंकर अग्रहरि, लंभुआ महामंत्री नियाज राइन, सदर तहसील अध्यक्ष हिमांशु मालवीय, तहसील प्रभारी राजेंद्र कशौधन पवन गुप्ता, बसंत अग्रहरि, नगर अध्यक्ष दिनेश मोदनवाल, लाले दीपक मोदनवाल, अजय गुप्ता, अंगद सिंहप्रतापगंज बाजार अध्यक्ष अजय सिंहयादव शीतला जायसवाल, इमरान शाबरी, धर्मेंद्र सोनी आदि मौजूद रहे। वहीं आज संगठन के महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी नेहनुमान गंज बाजार कांमता गंज बाजार लंभुआ बाजार में बैठक करके व्यापारियों से संपर्क करके अधिक से अधिक संख्या में शांति मार्च में सम्मिलित होने के लिए निवेदन किया। और सीएए के संबंध में लोगों को सही जानकारी दिया।

# अवध खनन पर प्रशासन हुआ सख्त

सुल्तानपुर।खनन सचिव रोशन जैकब जब खुद उतरी सड़क पर,अवैध खनन कर ओवरलोडिंग गाड़ियों पर कसा अपना शिकंजा,दर्जनो गाड़ियों पर हुई एफआईआर व गाड़ियों को सीज करने की कार्यवाही की। जिले से लगातार शासन में खनन की ओवरलोडिंग होने की मिल रही थी शिकायत। लगातार मिल रही शिकायत के बाद खनन सचिव रोशन जैकब ने खुद संभाली छापेमारी टीम की कमान। रोड पर उतर ओवरलोडिंग ट्रको को रुकवा उन्हें किया चेक।बीती रात अलग अलग थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ हुई छापेमारी। पड़ोसी जनपद के पीपरपुर थाना क्षेत्र में गाड़ियों को चेक करते हुए 8 गाड़िया मिली ओवरलोड।जिन्हें किया गया सीज। तो वही 2 गाड़ियों की रायल्टी थी अवैध। जिनके खिलाफ खनन लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के तहत बीती रात मुकदमा करवाया दर्ज।तो वही कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में 1 ट्रक को किया गया सीज।छापेमारी का आगे काफिला बढ़ा तो जिलाधिकारी सी इंदुमति के नेतृत्व में गठित एडीएम प्रसाशन हर्ष देव पाण्डेय की अगुवाई में निकली टीम कूरेभार थाना क्षेत्र पहुँची। खनन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह व कूरेभार थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शुक्ला की मुस्तैदी से कूरेभार थाना क्षेत्र मे घण्टो चले चेकिंग अभियान में ओवरलोडिंग व अवैध रायल्टी कर जा रही 19ट्रको पर खनन लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।

## घर के सामने खड़ी बोलोरो जीप हुई चोरी

सुल्तानपुर। जयसिंहपुरकोतवाली क्षेत्र जयसिंहपुर के बरौसा बाजार में घर के सामने खड़ी बोलोरो पर चोरो ने हाथ साफ कर दिया। बताते चले नरेंद पांडेय रात को दो अन्य वाहनों के साथ अपनी बोलोरो खड़ी किया था।आधी रात को चोरो ने खड़ी बोलोरो को चुरा ले गए। घटना की जानकारी होते ही नरेंद्र पांडेय ने डायल 112 पर फोन कर घटना की जानकारी पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन किया पर नतीजा सिफर रहा। चोरी की हुई बोलोरो का नंबर( UP 44 AN 4050)है। जानकारी के अनुसार चोरी की ये वारदात रात लगभग 2 बजे की है।घर के सामने खड़े वाहन का का चोरी हो जाना काफी गम्भीर सवाल खड़ा करता है। फिलहाल चोरी की इस वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम छानबीन में जुट गई है।

# जागृति ब्राह्मण समाज के मंच से पवन पाण्डेय ने सामन्तियो पर बोला हमला

सुलतानपुर,04 जनवरी 2020 (यूएनएस)। पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित जागृति ब्राह्मण समाज के मंच से मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पवन पाण्डेय ने सामन्तशाही ताकतों के खिलाफ जमकर हमला बोला। कहा कि उनके लिए राजनीति केवल साधन मात्र है। सम्मान से बढ़कर कुछ नही है। सम्मान पर आंच आई तो भगवान परशुराम जी की तरह फरसा उठाने में देर नही लगेगी। उन्होंने श्री पाण्डेय ने कहाकि वे सुलतानपुर में वोट लेकर राजनीति करने नही आये हैं। सामंती लोगो को जड़ से मिटाने में जुटे हैं। समाज के लोग इसमें सहयोग करे। उन्होंने सांसद मेनका गांधी के बारे में कहाकि उनसे समाज की भलाई व उत्थान की उम्मीद थी पर उनसे समाज का भला नही हो रहा है। आने वाले चुनाव में जरूरत हुई तो इनके खिलाफ दूसरे को चुनाव लड़ाया जाएगा।कहाकि समाज को मजबूत करने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। समाज का आह्वान करते हुए कहा कि बस एक बार और सामंती लोगो को हराना होगा। इसके बाद उनका खात्मा तय है। उनकी ओर से कोशिश होगी कि ऐसे लोग किसी भी राजनीतिक दल से टिकट न पा सकें। सपा व भाजपा से तो कतई नही पाएंगे। पैसा देकर बसपा से प सकते हैं, पर उसके पास अब वोट नही रहा। कहाकि लोकसभा चुनाव में 28 करोड़ चला गया। आगे भी और जाएगा। उन्होंने समाज के कुछ जयचन्दों पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके भहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि वह जातिवादी नहीं हैं पर उनके सम्मान को ठेस आयेगी तो हथियार उठाने में देर नही होगी।कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में ब्राह्मण समाज के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं। राजा भैया पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि जिसने उनकी मदद की उसी के खिलाफ साजिश किया। अब अगले चुनाव में सबक मिल जायेगा। श्री पाण्डेय ने ब्राह्मण समाज से पत्रकारिता क्षेत्र में जुड़े श्री मनोरम पाण्डेय, हिन्दुस्तान के पत्रकार नरेन्द्र द्विवेदी समेत अन्य क्षेत्रों के 51 विभूतियों को शाल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक जाग्रित ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पंडित रुपेश शुक्ला के प्रति आभार जताते हुये कहा कि वह समाज के हित के लिए काम करते रहे। उनकी ओर से पूरी मदद होगी। उन्होंने कहा कि समाज के संस्थापक अध्यक्ष स्व पंडित गया प्रसाद तिवारी की प्रतिमा स्थापित करने लिए जो भी धनराशि लगेगी उसे दी जायेगी। समारोह को पूर्व राज्यमंत्री डॉ संदीप शुक्ल, नन्हे मिश्र, नवल किशोर मिश्र, चिंतामणि द्विवेदी, धर्मदेव शुक्ल, रमेश शर्मा,प्रवीण अग्रवाल, दीपू पण्डित,पंडित बृजेश शास्त्री, राजू तिवारी, लालजी शुक्ल ने सम्बोधित किया। श्री पाण्डेय ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने 500 जरूरत मन्दों को कम्बल भी वितरित किया।

## क्षेत्र भ्रमण कर विधायक ने सुनी लोगों की शिकायत

सुलतानपुर। इसौली विधायक अबरार अहमद ने आज तहसील बल्दीराय के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनी।ग्राम सभा बहेरी के उमर बेग का घर अग्निकांड से पूरी तरह जल गया था जिसकी सूचना पाकर मौके पर जाकर विधायक ने नकद राशि देकर सहायता करते हुए उपजिलाधिकारी बल्दीराय व खण्ड विकास अधिकारी बल्दीराय को फोन कर तत्काल सरकारी सहायता उपलब्ध कराने को कहा।इसी क्रम में विधायक ने कई प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूलों का निरीक्षण करते हुए ब्लाक संसाधन केंद्र बल्दीराय पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी से विद्यालयों के निरीक्षण कर पठन–पाठन व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।साथ ही क्षेत्र में उर्दू शिक्षकों की सूची लेकर विद्यालयों में उर्दू शिक्षण की जानकारी ली।साथ ही तहसील,व थाने पहुंचकर लोंगो की समस्याओं को निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ नफीस,डॉ जहीर, मुहम्मद हलीम,लौलाक खान,प्रधान नन्हे खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया मिशन इन्द्रधनुष 2.0 का शुभारम्भ

सुलतानपुर। जिलाधिकारी सी0 इन्दुमती ने नगर के क्षेत्र के खैराबाद स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती माताओं हेतु संचालित सघन मिशन इन्द्रधनुष 2.0 का फीता काटकर शुभारम्भ किया तथा वहां पर उपस्थित बच्चों को रोटा वायरस एवं पोलियो की दवा पिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अभियान में लगे चिकित्साधिकारियों एवं कार्य कर्ताओं से कहा कि जानलेवा बिमारी से बचाव हेतु लगाये जाने वाले टीकाकरण से कोई भी बच्चा वंछित न रहे। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि वह अपने बच्चों को जानलेवा बिमारी से बचाव हेतु टीके अवश्य लगवायें उद्घाटन अवसर पर डॉ0 ए0एन0 राय, डीपीएम संतोष यादव, डीसीपीएम अनिल, डीएमसी आमिर हुसैन, विश्व स्वास्थ्य संगठन से अशोक सिंह, वीसीसीएम संदीप तिवारी, अर्बन समन्वयक विकास यादव, सभासद आरिफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

## महाराज अहिबरन जयंती मनाई गई

सुल्तानपुर। पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में महाराजा अहिबरन जयंती वार्षिक उत्सव मनाया। जिसमे जिले भर के समस्त बरनवाल समाज के लोग वा श्री महिला बरनवाल समाज के महिलाओं ने प्रतिभाग किया। बरनवाल समाज के उत्थान हेतु अपने विचार प्रकट किया। संस्कृति कार्यक्रम किया गया 85 प्रतिसत मार्क लाने वाले हाई स्कूल के बच्चों को सम्मनित किया गया कायर्क्रम में मुख्य अतिथि नगर के चेयरमैन बबिता जायसवाल पति अजय जायसवाल उपस्ति रहे व्यवस्थापक देवेश बरनवाल व जिला मंत्री शशि बनरवाल ने बताया की बरनवाल समाज को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है!

## गनपत सहाय महाविद्यालय ने दैनिक कर्मियों तृतीय एवं चतुर्थ की सेवाएं तत्काल प्रभाव से किया समाप्त

सुल्तानपुर। पयागीपुर स्थित गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा रखे गए आंशिक रूप से रखे गए कर्मचारियों पर कठोर कदम उठाते हुए डॉ अरुण कुमार मिश्र ने समस्त दैनिक कर्मियों को तिथि एवं चतुर्थ की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। दिनांक 1 एक 2020 से आगे महाविद्यालय द्वारा इन्हें किसी भी तरह का मानदेय नहीं दिया जाएगा अतः सभी विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि आपने विभाग में उनका प्रवेश प्रबंधित करें एवं उनसे किसी भी तरह का कोई भी कार्य न लें।यह भी सूच्य हो की शैक्षिक कार्यों में लगाए गए अंशकालिक शिक्षकों की सेवाएं दिनांक 31 एक 2020 तक जारी रहेगी।जिस पर सभी दैनिक कर्मियों में निराशा की लहर दिखाई दे रही है। उनमें इस आदेश को लेकर काफी आक्रोश भी है। इस आदेश के प्रति दैनिक कर्मियों ने हाई कोर्ट से चुनौती देने का मन बनाया है। डॉ अरुण कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य द्वारा जहां यह कदम महाविद्यालय के लिए एक अच्छा कदम बताया गया वही समस्त दैनिक कर्मियों तृतीय एवं चतुर्थ द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य को चुनौती देने का निर्णय लिया गया है।

## अबैध कब्जा करने की शिकायत जिलाधिकारी सें

सुल्तानपुर। अखण्ड नगर।ब्लॉक क्षेत्र कें अंतर्गत ग्राम लोरपुर निवासी इन्द्रजीत पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय हीरालाल पाण्डेय ग्राम लोरपुर परगना अल्देमऊ थाना अखण्डनगर कादीपुर सुल्तानपुर ने भूमाफियाओं द्वारा सार्वजनिक भूमि पर कब्जा किये जाने की शिकायत की है। इंद्रजीत पांडेय नें उत्तर प्रदेश कें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वा सुल्तानपुर जिलाधिकारी महोदय जी को सिकायती पत्र दें कर कार्तवाही करने की माँग किया हैं। बताया है की तहसील कादीपुर क्षेत्र लोरपुर मे भू–माफियाओ द्वारा सभी सरकारी अरछित जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है।जिसकी शिकायत उसके द्वारा जिला अधिकारी महोदया जी सुलतानपुर को शपथ पत्र के साथ व्यक्तिगत रूप से पेश होकर सारे कागजातों सहित प्रार्थना पत्र दिया गया था। परन्तु हल्का लेखपाल राजेन्द्र प्रसाद व राजस्व निरीक्षक हरीराम भू–माफियाओ से लाखों रूपये रिश्वत खाकर विना जांच व पैमाइश किये मंगढत व झूठी रिपोर्ट आख्या लगा कर शासन व प्रशासन को गुमराह किया हैं। अभी भी भू–माफिया ओ का कब्जा बरकरार है। उक्त प्रकरण की जांच के सम्बन्ध में हल्का लेखपाल राजेन्द्र प्रसाद व राजस्व निरीक्षक हरीराम से बातचीत की गई। जिसका वीडियो सबूत के तौर पर वायरल हो रहा है।वीडियो से स्पष्ट होता है कि उक्त प्रकरण पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा झूठी रिपोर्ट आख्या प्रेषित कर भू–माफियाओ का सहयोग किया जा रहा है।उसने मांग की है कि श्रीमान जी उक्त प्रकरण पर गम्भीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए ऐसे भ्रष्ट अधिकारी गण के ऊपर कठोर कार्यवाही की जाय।

# राष्ट्रव्यापी आंदोलन के लिए वामपंथियों ने किया जनसम्पर्क

अयोध्या। नागरिकता संशोधन कानून, आर्थिक मंदी, बढ़ती बेरोजगारी, मंहगाई, कृषि संकट सहित सरकार के विभिन्न जनविरोधी फैसलों के खिलाफ वामदलों द्वारा घोषित राष्ट्र व्यापी आंदोलन के क्रम में जनसम्पर्क अभियान का आगाज बुधवार को मोहबरा बाजार के निकट स्थित क्रांति वाटिका से किया गया। आगामी 07 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के शुभारंभ के मौके पर आयोजित एक बैठक में 08 जनवरी को केन्द्रीय श्रम संगठनों की ओर से प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल में भी सक्रिय भागीदारी का एलान किया गया और साथ ही हड़ताल के समर्थन में प्रेस क्लब में, होने वाली आम सभा को, सफल बनाने की भी रणनीति तैयार की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकपा राज्य काउन्सिल सदस्य अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि अपने चुनावी वादों को पूरा कर पाने में नाकाम हो चुकी भाजपा सरकार देश के ज्वलन्त समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए व्यर्थ के गडे मुर्दे उखाड़ने का प्रयास कर रही है। भाजपा और उसकी सरकार द्वारा फैलाए जा रहे झूठ, नफ़रत एवं भ्रम का हर स्तर पर विरोध और पर्दाफाश किया जाएगा। भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां विभाजनकारी, जनविरोधी, आर्थिक विकास में बाधक एवं विनाशकारी साबित हो रही हैं जिसके विरुद्ध देश में उठ रहीं जनता की आवाजों पर सरकार अपना दमन चक्र चला रही है। इन परिस्थितियों से निपटने के लिए व्यापक जन प्रतिरोध की आवश्यकता है।भाकपा नेता सूर्यकान्त पाण्डेय ने देश में बढ़ते फासीवादी ख़तरे के प्रति आगाह करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने आम जन–जीवन को चौतरफा संकट में डाल दिया है। आजादी के बाद यह पहली ऐसी सरकार है जो अपने राजनीतिक एवं साम्प्रदायिक ऐजेण्डे को आगे बढ़ाने के लिए सेना, पुलिस और न्यायपालिका का खुलकर इस्तेमाल कर रही है। बैठक की अध्यक्षता अमरनाथ वर्मा एवं संचालन रमेश गौड़ ने किया। बैठक में रामकृष्ण, विकास सोनकर, आत्माराम वर्मा, जगराम प्रभाकर,कृष्णाप्रसाद वर्मा, विक्रम निषाद, फूलचंद यादव, अंकित पाण्डेय, देवीचंद यादव, रामप्रकाश दास आदि लोग उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत की भूमि पर रातों–रात हो गया कब्जा

मिल्कीपुर–अयोध्या। उपजिलाधिकारी द्वारा पुलिस को दिए गए सरकारी जमीन पर अतिक्रमण रोकने का आदेश बौना साबित हुआ रातो रात अवैध कब्जे दारो ने बेशकीमती जमीन पर निर्माण कार्य कर कब्जा कर लिया। कुमारगंज थाना क्षेत्र के देवगांव चौकी अंतर्गत तुलसमपुर गांव में चौकी से महज चंद कदम की दूरी पर ग्राम समाज की जमीन स्थित है जिस पर कुछ लोगों ने कब्जा करने की नियत से उक्त भूमि पर बाउंड्री वाल बनाने लगे जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने लिखित रूप से उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर अशोक कुमार शर्मा से की जिस पर एसडीएम ने तत्काल हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाने के लिए स्थानीय पुलिस को निर्देशित किया लेकिन आदेश के बाद भी चौकी पुलिस अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं की और रातों–रात ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा हो गया। इस संबंध में चौकी इंचार्ज देवगांव रंजीत सिंह यादव ने बताया कि उक्त जमीन के लिए एसडीएम महोदय द्वारा दो दो आदेश दिया गया हैं जिसमें पहला आदेश निर्माण कार्य रुकवाने के लिए तथा दूसरा ना रुकवाने का है किस पर अमल किया जाए यह भ्रम की स्थिति है।

# वादकारी शेड का एमएलसी ने किया शिलान्यास

बीकापुर–अयोध्या। वादकारी शेड व प्रसाधन का विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद ने बुधवार को बीकापुर तहसील परिसर में 15 लाख की लागत से बनने निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जहां बीकापुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश पाण्डेय व अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। यहां उन्होंने करीब दो घंटे अधिवक्ताओं के साथ बैठक भी की। बैठक का संचालन शेख मोहम्मद इसहाक ने किया। पूर्व विधायक जय शंकर पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ता समाज लोगों को सही दिशा और दशा दिखाती है ऐसे में वर्तमान सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून पर भाजपा सरकार की खिंचाई की। कहां की देश गर्त में जा रहा है महंगाई भ्रष्टाचार बढ़ते अपराध देश की आर्थिक स्थिति कमजोर वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के चलते उसका खामियाजा आम जनता भोग रही है। विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद, जयशंकर पाण्डेय, श्रीराम यादव लगभग 12 बजे बीकापुर तहसील परिसर में पहूचकर लगभग 15 लाख की लागत से बनने वाले वादकारी शेड व प्रसाधन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उसके बाद डा०राम मनोहर लोहिया अधिवक्ता सभागार में बैठक कर अतिथियों विधान परिषद सदस्य जगजीवन, जय शंकर पांडे ,श्रीराम यादव ,चेयरमैन जुग्गीलाल यादव को अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उमेश चंद्र पांडे बृजेश यादव रामतेज वर्मा, लालमणि पांडे शोभनाथ तिवारी राम जगत तिवारी अजय भारती आबाद अहमद खां सुरेंद्र कुमार पांडे हरिहर यादव ओम प्रकाश यादव ओमप्रकाश तिवारी सदानंद पाठक अवध राम यादव गुलरेज हैदर मोहम्मद शोएब संजय यादव राजकुमार पांडे आदि अधिवक्ता व समाजवादी नेता मौजूद रहे।

# लक्ष्य पूर्ति 15 जनवरी तक न हुई तो सचिव का कटेगा वेतन

अयोध्या। एनआरएलएम योजना अंतर्गत दिए गए लक्ष्य की पूर्ति 15 जनवरी तक ना करने वाले सचिव का माह जनवरी का वेतन देय नहीं होगा। उक्त बात की चेतावनी बुधवार को विकासखंड बीकापुर सभा कक्ष में हुई । बैठक में सभी ग्राम पंचायत सचिवों को देते हुए खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने कहा कि सभी सचिव का एनआरएलएम योजना में 3 समूह गठन करने एवं 6समूह का RF दिलाने, तथा 6 समूह का सीसीएल करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा इस योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं की गई है। 15 जनवरी तक लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति नहीं की जाती है तो संबंधित सचिव का माह जनवरी का वेतन देय नहीं होगा। खंड विकास अधिकारी त्रिपाठी ने साप्ताहिक बैठक में कहा कि अभी तक कुल 10 समूह का भी गठन नहीं किया गया है स स्थिति अत्यंत ही चिंतनीय है।एनआरएलएम योजना पर कोई सचिव ध्यान नहीं दे रहा है ,जिससे योजना का लक्ष्य काफी पीछे है, ऐसी स्थिति बनी रहने पर बेतन रुकना आवश्यक होगा। खंड विकास अधिकारी ने बाबा साहब अंबेडकर प्रोत्साहन योजना के विषय में जानकारी देते हुए अभिलंब पत्रावली 3 दिवस के अंदर विकासखंड पर जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना में ऐसे व्यक्ति का चयन किया जाए जो वास्तव में रोजगार करना चाहते हो। खंड विकास अधिकारी ने साप्ताहिक बैठक में मनरेगा के अंतर्गत मानव दिवस सृजन, स्वच्छ शौचालय निर्माण, राज्य वित्त, 14वां वित्त अंतर्गत कराए गए कार्यों की पत्रावली विकासखंड पर जमा करने एवं वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन तथा शादी अनुदान पर भी समीक्षा कर योजनाओं की प्रगति बढ़ाने पर बल दिया स श्री त्रिपाठी ने गोवंश आश्रय स्थलों में गोवंश को किसी भी दशा में ठंड न लगने पाए इसके लिए संबंधित सचिवों को सख्त निर्देश दिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही बीमार पशुओं को अलग सैड में रखने हेतु एवं उन्हें अविलंब चिकित्सीय सहायता प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से सहायक विकास अधिकारी आईएसबी बद्री प्रसाद वर्मा ,सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण उषा रानी शर्मा, अंकिक संजय आचार्य, ग्राम विकास पंचायत अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, शुभम शुक्ला, अंजू वर्मा, संतोष कुमार मौर्य , विनोद कुमार, अभिमन्यु सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

## आंगनबाड़ी केन्द्र : निर्माण में लापरवाही पर फटकार

गोण्डा। जिला पोषण समिति की बैठक में समीक्षा करने के दौरान डीएम डा. नितिन बंसल ने जनपद में वर्ष 2016–17 में स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण के लिए नामित कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं कराने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक्सईएन आरईएस को कड़ी फटकार लगाई है। नोटिस जारी करते हए उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा वजन मशीन क्रय न करने पर सीएमओ से स्पष्टीकरण तलब किया है। गलत रिपोर्टिंग करने पर सीडीपीओ नवाबगंज, वजीरगंज व मनकापुर को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि जनपद में वर्ष 2016–17 में 80 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जाना था लेकिन कार्यदायी संस्था द्वारा अभी तक मात्र 27 केन्द्र ही बनवाए गए और 53 आंगनबाड़ी केन्द्र, निर्माण की डेड लाइन पार होने के बाद भी अभी निर्माणाधीन हैं। उच्चाधिकारियों को निर्माण के सम्बन्ध में गलत रिपोर्टिंग की जा रही है। इससे नाराज डीएम ने एक्सईएन को 20 जनवरी की अन्तिम डेड लाइन देते हुए कार्य न पूर्ण होने पर गबन व धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी है। ग्राम पंचायत पटखौली में अधोमानक निर्माण होने पर उन्होंने जाचं के आदेश दिए हैं। समीक्षा के दौरान डीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें भेजी जाने वाली रिपोर्ट में यदि गलत सूचनाएं पाई गई तो निश्चित ही सम्बन्धित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बाबा श्याम के संग भक्तों ने मनाया नया साल

गोण्डा। बड़गांव स्थित श्री श्याम मंदिर में स्थानीय भक्तों ने नया साल का आगाज बाबा श्याम संग मनाया। मंगलवार की रात भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक परमानंद शर्मा ने गणेश वंदना किया। मयंक अग्रवाल ने गाया प्रभू प्रेम बनायें रखना चरणों में हमें लगाएं रखना.. एक आस तुम्हारी है.। राजा शर्मा ने गाया पलकें बिछाएंगे इक दिन मेरे घर श्याम आएंगे.. गोकुल शर्मा ने गाया आप की कृपा से सब काम हो रहा है.. काजल गुप्ता ने गाया, मुझे अपना ले अपना ले अपना ले सुनो श्याम सुनो खाटू वाले. . सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये हैं... उसके बाद जिले के भजन गायक रोहित शर्मा दीपक ने गाया मैं हूँ नये साल का पहली शाम बाबा श्याम के नाम। बाबा का दरबार इतना मनमोहक सजा था कि सभी भक्तों की निगाहें बाबा खाटू श्याम पर अटकी रही। लोगों ने बाबा का दर्शन किया। फिर उसके बाद दाल बाटी और दाल चूरमा का प्रसाद ग्रहण किया।

## युवती हत्याकांड में दो और गिरफ्तार

गोण्डा। स्थानीय थाना क्षेत्र के बारह फाटक के पास करीब डेढ़ माह पूर्व मिली अज्ञात युवती के शव के प्रकरण में पुलिस ने दो और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विद्यासागर वर्मा ने बताया कि नियावां गांव की युवती को परिजनों के सहयोग से हत्या कर बारह फाटक के पास फेंक दिया गया था। मामले में क्षेत्र के चौकीदार ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। एक अभियुक्त को करीब एक माह बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। जिसमें दो अभियुक्त लाल मोहन पुत्र राम सुन्दर व राम तीरथ उर्फ तीरथराज पुत्र लाल मोहन निवासीगण ग्राम नियावां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के लिए दोनों को रिमांड पर लिया जा रहा है।

## खोड़ारे में मार्ग दुर्घटना में अधेड़ की मौत

गोण्डा। बभनान से वापस घर आते समय मंगलवार रात खोड़ारे –बभनान मार्ग पर नाउडीह निवासी चिर्री बादशाह उम्र 45 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के घारीघाट के मजरा नाउडीह निवासी चिर्री बादशाह अपनी मोटरसाइकिल से पिकअप गाड़ी के मिस्त्री को बभनान से छोड़कर घर वापस आ रहे थे। रात में करीब 9.30 बजे साबरपुर के शिव मंदिर के करीब खोड़ारे–बभनान मार्ग पर मोटरसाइकिल गिरी अवस्था में मिली। हेड लाइट टूटी हुई थी। चिर्री बादशाह के सिर में चोट लगी थी। राहगीरों ने डायल 112 पर सूचना दी। सिर में चोट लगने के कारण काफी खून बह गया था, जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के कारण का पता नहीं चल सका है। की दुर्घटना जानवर या वाहन से हुई है। मृतक के 4 बेटियां और 3 बेटे हैं।

## विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय अधिवेशन स्थल का हुआ भूमि पूजन

अयोध्या। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् अवध प्रांत द्वारा 4 से 6 जनवरी के मध्य अयोध्या महानगर के टी पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जा रहे 59वें प्रांतीय अधिवेशन की तैयारी के क्रम में राम मनोहर लोहिया अवध विश्विद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन पूर्ण विधि विधान से गुरुकुल के बटुकों के द्वारा चीफ प्रॉक्टर प्रो आर यन राय , अखिल भारतीय प्रशिक्षण एवं प्रकाशन प्रमुख मनोज कांत, प्रांत संगठन मंत्री घनश्याम शाही , विभाग संगठन मंत्री अभिलाष , पूर्व प्राचार्य यच बी सिंह ,की उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया। इस अधिवेशन में प्रदेश एवं देश के कई मंत्रियों के साथ ही विषय विशेषज्ञ एवं बुद्धिजीवी भी महिला सुरक्षा, शिक्षा एवं समसामयिक विषय पर अपनी बात रखेंगे द्य प्रभु श्रीराम की धरती पर आयोजित हो रहे इस अधिवेशन के सम्पूर्ण स्थल पर ललित कला के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार की चित्रकारी के द्वारा सजाया जाएगा। प्रांत संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने बताया कि प्रांगण में विभिन्न कलाकृतियों, पेंटिंग्स और पोस्टर के माध्यम से युवाओं को संदेश दिये जायेंगे। इस अधिवेशन में 15 जिले से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेगें। इस अवसर पर माननीय संघचालक विक्रमा प्रसाद, महानगर अध्यक्ष मोनिका परमार, आशुतोष, रमन सिंह, बृजेश वर्मा, अंकुर सिंह, अमन गुप्ता, अभिषेक, आदित्य मिश्र, राहुल वर्मा, कौशतुकेय, मयंक, शशांक, यश, आकांक्षा, तरुण, जनमेजय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपराध रोक पाने में महराजगंज कोतवाली पुलिस नाकाम

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक स्वप्निल ममगई के लाख प्रयासों के बावजूद महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में अपराधी बेखौफ होकर अपराध को अंजाम दे रहे हैं तो वहीं महराजगंज कोतवाली पुलिस मूकदर्शक बनी बैठी है जिसका जीता जागता उदाहरण बीते 48 घंटे पूर्व कंशीपुर मजरे पूरे अचली गांव में एक युवक को एक दबंग व्यक्ति ने धारदार हथियार से इतनी बुरी तरह से मारा पीटा कि वह चोटहिल आज भी जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ रहा है और 48 घंटे बीत जाने के बाद भी नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी से पुलिस कोसों दूर है इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपने अधिकारियों के प्रति महराजगंज कोतवाली पुलिस कितनी सक्रिय हैं और ऐसे गंभीर मामलों में मुकदमा पंजीकृत कर इतिश्री कर लेती है और अपराधी पुलिस की गिरफ्त से कोसों दूर रहते हैं बताते चलें की घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव कंशीपुर मजरे पूरे अचली की है पुलिस को दी गई तहरीर में हुबराजा पत्नी दसऊ ने कहा है कि दिनांक 3 जनवरी2020 की रात को लगभग 10रू00 बजे मेरा लड़का रामू उम्र 27 वर्ष अपने दोस्त पिंटू के साथ पूरे अचली गांव में नौटंकी देखने गया था तभी गांव के ही पूर्णमासी पुत्र मंगल जिनसे उन लोगों की पुरानी रंजिश है पूर्णमासी ने कुल्हाड़ी से रामू के सिर पर कई वार कर दिए जिससे रामू मौके पर ही गिर गया उसे बचाने उसका दोस्त पिंटू आगे आया तो पूर्णमासी ने उसे भी घायल कर दिया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां पर हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर रामू जिंदगी और मौत से लड़ रहा है देखना यह है कि महराजगंज कोतवाली पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मुकदमे में क्या पूर्णमासी को गिरफ्तार कर पाती है देखना यह है कि जान से मारने की नियत जैसी गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे में क्या कोतवाली पुलिस कोई कार्यवाही कर पाती है या फिर मुकदमा पंजीकृत कर इतिश्री कर लेती है यह बात संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है इस गंभीर घटना के मामले में पुलिस का क्या रवैया रहता है यह बात तो समय के गर्भ में है।

# किसानों को औषधीय खेती पर मिलेगा अनुदान

अमेठी। औषधीय खेती को प्रोत्साहित कर किसानों की आय बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग उन्हें अनुदान देगा। औषधि मिशन योजना में जिले को शामिल करने के बाद निदेशक उद्यान ने विभाग को पत्र भेजकर औषधीय खेती का फसलवार लक्ष्य निर्धारित कर प्रस्ताव भेजने को कहा है। लक्ष्य मंजूर होने के बाद किसानों से ऑनलाइन आवेदन लेकर उनका चयन करते हुए खेती करने वालों को अनुदान दिया जाएगा। प्रदेश सरकार के निर्देश पर किसानों की आय बढ़ाने व औषधीय खेती को प्रोत्साहित करने के लिए जिले को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर से संचालित औषधि मिशन योजना के दायरे में लिया गया है। किसानों की मांग पर पिछले दिनों डीएम अरुण कुमार ने शासन को पत्र भेजकर किसानों को योजना से आच्छादित करने को कहा था। इस पर निदेशक एसबी शर्मा ने जिले को योजना में शामिल करते हुए उद्यान विभाग को पत्र भेजकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए औषधीय खेती का फसलवार लक्ष्य निर्धारित कर प्रस्ताव कार्यालय भेजने को कहा है। निदेशक का पत्र मिलने के बाद विभाग फसलवार लक्ष्य निर्धारित करने में जुटा है। लक्ष्य निर्धारण व मंजूरी मिलने के बाद विभाग किसानों का चयन ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर करेगा। चयन के बाद विभाग ऐसे किसानों को अनुदान राशि सीधे उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करेगा, जिन्होंने औषधीय खेती की होगी। योजना प्रभारी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि औषधि मिशन योजना के तहत अश्वगंधा, सतावर, तुलसी, एलोवेरा, कालमख व खस की खेती शामिल है। जिले में तुलसी, सतावर व खस की खेती के लिए भूमि व वातावरण दोनों अनुकूल हैं। फसलवार लक्ष्य निर्धारण के बाद किसानों का चयन कर जिले में औषधि खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के प्रभारी संजय यादव ने बताया कि जनपद में औषधीय मिशन योजना शुरू होने से न सिर्फ किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि आयुर्वेद विधि से तैयार दवाओं के व्यवसाय को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रभारी ने बताया कि योजना में चिह्नित होने वाले किसानों को औषधि फसल के उत्पादन के साथ ही उन्हें आयुर्वेद दवा तैयार करने लायक पदार्थ बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. बल्देव प्रसाद ने बताया कि औषधि की खेती करने पर किसानों को प्रति हेक्टेयर लागत का 30 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। योजना से जिले में तुलसी, सतावर व खस की खेती को प्रोत्साहन मिलेगा।

## पति ने पत्नी के सिर पर किया ताले से प्रहार, मौत

अमेठी। पति–पत्नी के बीच हुए मामूली विवाद के दौरान पति ने पत्नी के सिर पर ताले से प्रहार कर दिया। सीएचसी से रेफर होकर ट्रामा सेंटर ले जाने के दौरान पत्नी की मौत हो गई। मृतका की ननद की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शुकुल बाजार क्षेत्र के जैनमगंज कस्बा निवासी सिराजुद्दीन व उसकी 36 वर्षीय पत्नी रोशनी बानों के बीच रविवार की सुबह लगभग 11 बजे किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। इसी दौरान सिराजुद्दीन ने घर में रखे बड़े ताले से रोशनी के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। पास पड़ोस के लोगों ने डायल 112 पर काल कर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल रोशनी को सीएचसी ले गई। जहां से डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में हैदरगढ़ के पास उसकी मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतका की ननद शहनाज बानो की तहरीर पर सिराजुद्दीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर मृतका के मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर मिलती है तो उसके अनुसार मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्री मोहसिन रजा बोले, भारत के नहीं बाहरी लोगों के लिए है नागरिकता कानून

अमेठी। जिले के प्रभारी मंत्री मोहसिन रजा ने शीर्ष नेतृत्व के आहवान पर जिले में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने गौरीगंज के डाकखाना तिराहे पर एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और शहर के मुस्लिमों के बीच जाकर उन्हें कानून से संबंधित पर्चे बांटे। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि नागरिकता कानून का देश के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। जो हिन्दुस्तान के हैं और जिन्हें हिन्दुस्तान से प्यारा है। हिन्दुस्तान उनका वतन हमेशा रहेगा। लेकिन जो देशद्रोही हैं, उनकी इस देश में जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कानून भारत के पड़ोसी देशों में धार्मिक आधार से सताए गए लोगों के लिए है। उन्हें देश की नागरिकता दी जाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि विपक्षी दल आज सरकार के अच्छे कार्यों को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं इसलिए देश के अमन को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। हमें इनकी चाल से बचना होगा। पहली की सरकारों ने मुस्लिमों के लिए कोई काम नहीं किया। उन्हें अशिक्षित रखा। आज जब भाजपा सरकार एक हाथ में कुरान और दूसरे में लैपटाप देने की बात कर रही है तो इनको बुरा लग रहा है। इन्हें दिक्कत है कि मुसलमान पढ़ जाएगा तो उनका वोट बैंक नहीं रह जाएगा। गोविंद सिंह चौहान ने कहा कि नागरिकता कानून देश के लिए बहुत जरूरी था। यह राष्ट्र भाव की एक नई कहानी लिखेगा। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने मुसलमानों से मिलकर उन्हें नागरिकता कानून से जुड़े पर्चे दिए और किसी भी प्रकार से गुमराह न होने की बात कही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, उमाशंकर पांडेय, चंद्रप्रकाश मटियारी, विजय किशोर तिवारी, आजम राइन, अब्दुल जब्बार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान ने धोखाधड़ी से कराया बैनामा, अब गरीब महिला को किया जा रहा है बेघर

रायबरेली। डीह विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मधुकरपुर के ग्राम प्रधान ने गांव महेशपुर की निवासिनी की जमीन का धोखाधड़ी से बैनामा करा लिया। अब उसे घर से बेघर किया जा रहा है। पीड़िता ने विरोध किया तो ग्राम प्रधान ने उसकी महिलाओं से पिटाई करवा दी। गांव महेशपुर निवासिनी श्रीमती पुत्री कन्हैया लाल का आरोप है कि ग्राम प्रधान आरती यादव और उनके पिता महंत यादव ने पीड़िता की सौतेली मौसी से मिलकर उसकी जमीन का धोखाधड़ी से बैनामा करा लिया। जब इसकी जानकारी पीड़िता को हुई तो उसने विरोध किया। पीड़िता का आरोप है कि अब उसे घर से बेघर किया जा रहा है। पीड़िता का कहना है कि ग्राम प्रधान के इशारे पर गांव की कुछ महिलाओं ने उसकी पिटाई की तो उसने पुलिस से मदद मांगी लेकिन ग्राम प्रधान के रसूख के कारण मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। पीड़िता ने मामले में डीह थानाध्यक्ष जेपी यादव से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष ने जांच के बाद कार्रवाई किये जाने का पीड़िता को आश्वासन दिया है।

## राष्ट्रीय सचल चिकित्सा इकाई गाड़ी ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

रायबरेली। जिले के छतोह बिकास खण्ड की ग्राम पंचायत मेदापुर में चलता फिरता अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सचल चिकित्सा इकाई द्वारा आधुनिक संसाधनों से लैस गाड़ी रहती है, जिसके साथ डाक्टरों का दल भी रहता है। केंद्र व राज्य सरकार की इस अनूठी पहल द्वारा गांव के गरीब लोगों को घर बैठे यह सुविधा मिल रही है। इस से बेसहारा व कमजोर मरीजों को भरपूर लाभ मिल रहा है। डॉक्टर ने बताया कि उनको सिर्फ दो दिन के लिए ही दवा देने का अधिकार है।यदि यह बढ़ा दिया जाय या फिर तीसरे दिन दुबारा भेजा जाय तो मरीजों को स्थायी या अधिक लाभ मिल सकता है। इस अवसर पर डॉ दैम रजा खान, डॉ विवेक पाण्डेय, फार्मासिस्ट प्रशान्त बिश्वकर्मा,विकाश सिंह आशा ज्वाला देवी,अनीता देवी, एएनएम संतोषी,संगिनी मीरा सिंह सहित बहुत से लोग मौजूद रहे।

## आसान किस्त योजना के पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 31 जनवरी

रायबरेली। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों केस्ड01(1किलोवाट)से अधिकतम ( 4 किलो वाट )के विद्युत भार तक दर श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लागू आसान किस्त योजना के पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 31 जनवरी 2020 हो गई है जो भी उपभोक्ता पंजीकरण कराना चाहे वह जन सुविधा केंद्र व विद्युत विभाग के कार्यालयों में आकर सरकार द्वारा दी जाने वाली छूट का लाभ उठाएं यह उद्गार महराजगंज कस्बे के मेन तिराहे पर स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता जय सिंह ने दी बताते चलें कि आसान किस्त योजना में पंजीकरण के लिए पूर्व में 31 दिसंबर की तिथि निर्धारित थी लेकिन विद्युत विभाग के ग्राहकों की सुविधा के लिए विद्युत विभाग द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देश पर 31 जनवरी 2020तक विद्युत विभाग के कार्यालय में जाकर उपभोक्ता अपना पंजीकरण करवा सकते हैं सरकार की मंशा को पूर्ण रूप देने के लिए विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी अवर अभियंता व अन्य कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा पंजीकरण कर राजस्व वसूली बढ़ाने के उद्देश्य से अनवरत गांवो में कैंप लगाकर विद्युत विभाग के उपभोक्ताओं को राहत देने का कार्य विभाग द्वारा अनवरत जारी है।

## प्रत्येक लाभार्थी को दिया जाएगा प्रधानमंत्री आवासः डा. राजेश कुमार

रायबरेली। सीमा विस्तार में सम्मिलित क्षेत्र के गांव में हर पात्र व्यक्ति को नगर पंचायत महराजगंज से दिलाया जाएगा प्रधानमंत्री आवास पात्रता आवेदन के बाद ही जांच कर दिए जाएंगे प्रधानमंत्री आवास यह उदगार आज महराजगंज में नगर पंचायत के सीमा विस्तार क्षेत्र में बड़े पूरे सुखाई का पुरवा व रानी का पुरवा गांव में आयोजित प्रधानमंत्री आवास हेतु लगाए गए कैंप के दूसरे दिन लाभार्थियों को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी डॉ राजेश कुमार व्यक्त कर रहे थे बताते चलें कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक पात्र लाभार्थी के लिए प्रधानमंत्री आवास की योजना चलाई जा रही है जिसको देखते हुए नगर पंचायत महराजगंज के सीमा विस्तार में आए क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास हेतु नगर पंचायत द्वारा कैंप लगाकर पात्र लाभार्थियों के फार्म भरवाए जा रहे हैं जिसके चलते पात्र लाभार्थियों को नगर पंचायत महराजगंज द्वारा प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया जा सके कैंप के दूसरे दिन लगभग 345 आवास लाभार्थियों ने अपने आवेदन पत्र अधिशासी अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार को दिए इस मौके पर जमुना प्रसाद भारत लाल वा डूडा विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण त्वरित गति से करें :विनोद कुमार सिंह

रायबरेली। फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण त्वरित गति से करें किसी भी प्रकार की हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी यह उद्गार आज कोतवाली परिसर में समाधान दिवस के मौके पर तहसीलदार विनोद कुमार सिंह व्यक्त कर रहे थे वही समाधान दिवस के मौके पर कुल 10 शिकायतें आई जिसमें से एक शिकायत पुलिस से संबंधित एवम् नव शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रही जिसमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष बची शिकायतों के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर तहसीलदार विनोद कुमार सिंह ने निस्तारण के आदेश दिए।

# ऑस्ट्रेलिया आग पीड़ितों की मदद के लिए शेन वॉर्न नीलाम करेंगे अपनी सबसे कीमती चीज

सिडनी। महान स्पिनर शेन वार्न ने सोमवार को कहा कि उन्होंने आस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग के पीड़ितों की मदद के लिए पैसा जुटाने के इरादे से अपनी 'बैगी ग्रीन' नीलाम करने का फैसला किया है। यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच तीसरे टेस्ट के दौरान वार्न ने अपने ट्विटर हैंडल पर यह घोषणा की। वार्न ने बयान में कहा कि आस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी भीषण आग से हम सभी परेशान हैं। इस भीषण आग के इतने सारे लोगों



पर असर के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता और इसका हम सभी पर इसका असर पड़ा है। लोगों ने जीवन और घर गंवाए हैं तथा 50 करोड़ से अधिक जानवर भी मारे गए। पचास साल के इस पूर्व लेग स्पिनर ने कहा, ''हम सभी एकजुट हैं और रोजाना योगदान देने और मदद करने के तरीके ढूंढ रहे हैं। इसे देखते हुए मैंने अपनी प्यारी बैगी ग्रीन कैप (350) की नीलामी करने का फैसला किया है जिसे मैंने अपने पूरे टेस्ट करियर के दौरान पहना।'' उन्होंने कहा, ''उम्मीद करता हूं कि मेरी बैगी ग्रीन उन लोगों की मदद के लिए धनराशि जुटा पाएगी जिन्हें इसकी बेहद जरूरत है।'' वार्न सहित कई क्रिकेटर जंगलों में लगी आग के पीड़ितों की सहायता के लिए धनराशि जुटा रहे हैं। क्रिस लिन, ग्लेन मैक्सवेल और डार्सी शार्ट पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वे मौजूदा बिग बैश लीग में अपने मारे प्रत्येक छक्के के लिए 250 आस्ट्रेलियाई डालर की राशि दान में देंगे।

# शोएब अख्तर ने 4 डे टेस्ट मैच को बताया बकवास, कहा- BCCI इसे लागू नहीं होने देगा

कराची। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने टेस्ट क्रिकेट को चार दिवसीय करने के विचार को बकवास करार देते हुए आरोप लगाया कि यह एशियाई टीमों के खिलाफ साजिश है और बीसीसीआई ऐसा नहीं होने देगा। आईसीसी 2023 से 2031 के अगले भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में चार दिवसीय टेस्ट अनिवार्य करने की योजना पर विचार कर रहा है जिससे कि व्यावसायिक रूप से लुभावने छोटे प्रारूपों के लिए अधिक दिन बच सकें।

अख्तर ने अपने यूट्यूब चौनल पर डाले वीडियो में कहा कि आजकल एशियाई टीमों के खिलाफ हर जगह यह साजिश हो रही है। मुझे लगता है कि यह (टेस्ट मैच को चार दिवसीय करना) पूरी तरह से एशियाई टीमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह विचार बकवास है और किसी की इसमें रुचि नहीं है। अख्तर ने कहा कि आईसीसी दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई की स्वीकृति के बिना इस योजना को लागू नहीं कर सकता। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली समझदार व्यक्ति हैं और वह टेस्ट क्रिकेट को बर्बाद नहीं होने देंगे। अख्तर ने कहा कि आईसीसी बीसीसीआई की स्वीकृति के बिना इस नियम को लागू नहीं कर सकता। बीसीसीआई और समझदार क्रिकेटर इस विचार के खिलाफ खड़े हैं, विशेषकर श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश के स्पिनर और वे ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा, कि सौरव गांगुली समझदार और बुद्धिमान व्यक्ति हैं। वह कभी यह नहीं देखना चाहेंगे कि टेस्ट क्रिकेट को नुकसान हो। वह चाहते हैं कि यह



चलता रहे और भारत को इस प्रारूप में सफल होते देखना चाहते हैं।

अख्तर ने सचिन तेंदुलकर के इस नजरिये का भी समर्थन किया कि चार दिवसीय मैच से स्पिनरों को नुकसान होगा। अख्तर ने कहा कि सचिन ने बिलकुल सही बिंदु पर आलोचना की। स्पिनर क्या करेंगे? दानिश कनेरिया, मुश्ताक अहमद, रविचंद्र अश्विन, हरभजन सिंह, अनिल कुंबले ने 400 से 500 विकेट चटकाए हैं। उनका क्या होगा? चार दिवसीय टेस्ट के विरोध में कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ी सामने आए हैं जिसमें भारतीय कप्तान विराट कोहली, तेंदुलकर, पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर, आस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर, स्पिनर नाथन लियोन, तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा और पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग शामिल हैं।

# मलेशिया मास्टर्स के साथ 2020 की अच्छी शुरूआत करने उतरेगी सिंधू एंड कंपनी

कुआलालंपुर। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन के साथ नए साल की सकारात्मक शुरुआत



करने के इरादे से उतरेंगी। दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पिछले साल स्विट्जरलैंड के बासेल में विश्व चौंपियनशिप जीती लेकिन बाकी सत्र में वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई और दिसंबर में विश्व टूर फाइनल्स में अपने खिताब का बचाव करने में भी नाकाम रहीं।

ओलंपिक में अब सात महीने से कम का समय बचा है और सिंधू अपनी खामियों में सुधार करके 400000 डालर इनामी प्रतियोगिता के महिला एकल में प्रभावी प्रदर्शन करने उतरेंगी। छठी वरीय सिंधू को पहले दौर में रूस की येवगेनिया कोसेत्सकाया के रूप में आसान प्रतिद्वंद्वी मिली है लेकिन क्वार्टर फाइनल में उन्हें दुनिया की नंबर एक चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग के खिलाफ भिड़ना पड़ सकता है। पिछले साल इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब जीतने वाली साइना नेहवाल को पहले दौर में क्वालीफायर के खिलाफ खेलना है।

पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत अपने अभियान की शुरुआत दूसरे वरीय चीनी ताइपे के चाऊ टिएन चेन के खिलाफ करेंगे। बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में भारत के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकल खिलाड़ी बी साई प्रणीत को पहले दौर में डेनमार्क के रासमुस गेम्के के खिलाफ उतरना है। 2019 में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रहे समीर वर्मा को थाईलैंड के केंताफोन वांगचेरोन के खिलाफ खेलना है।

दुनिया के छठे नंबर के पूर्व खिलाड़ी पारूपल्ली कश्यप को पहले दौर में शीर्ष वरीय और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी केंटो मेमोटा से भिड़ना है जबकि पिछले साल खराब स्वास्थ्य से परेशान रहे एचएस प्रणय जापान के केंटा सुनेयामा के खिलाफ उतरेंगे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को पहले दौर में ओंग यू सिन और टियो ई यी की स्थानीय जोड़ी से भिड़ना है। महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी का सामना चांग यी ना और किम यी रिन से होगा। अश्विनी और सात्विक मिश्रित युगल में वैंग यी ल्यू और हुआंग डोंग पिंग की दूसरी वरीय चीन की जोड़ी से भिड़ेंगे जबकि सिक्की और प्रणव जैरी चोपड़ा को पहले दौर में झेंग सी वेई और हुआंग या कियोंग की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ खेलना है।

# चोटों को पीछे छोड़कर 2020 में अधिक प्रभाव छोड़ना चाहते हैं शिखर धवन

गुवाहाटी। पिछले साल चोटों से परेशान रहे सलामी बल्लेबाज शिखर धवन नए साल की नई शुरुआत करना चाहते हैं और ऑस्ट्रेलिया में भारत को आईसीसी टी20 विश्व कप में जीत दिलाने की कवायद में अधिक प्रभावी बल्लेबाज बनना चाहते हैं। धवन के लिए 2019 काफी अच्छा नहीं रहा और वह चोटों के कारण टीम से अंदर-बाहर होते रहे। बायें हाथ का यह सलामी बल्लेबाज पिछले साल अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण आईसीसी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के बीच से बाहर हो गया। दिल्ली की ओर से खेलते हुए घुटने में चोट लगने के कारण वह दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टी20



श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे। धवन ने 'बीसीसीआई.टीवी' से कहा कि पिछले साल मुझे काफी चोटों का सामना करना पड़ा लेकिन यह हमारे काम का हिस्सा है। यह नया साल है और मैं नई शुरुआत के लिए बेताब हूं। 2020 के अपने लक्ष्य के संदर्भ में धवन ने कहा कि इस साल मैं अपने और टीम के लिए ढेरों रन बनाना चाहता हूं और अधिक प्रभावी खिलाड़ी बनना चाहता हूं, अपनी टीम के लिए मैच जीतना चाहता हूं और विश्व कप जीतना चाहता हूं। आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में इस साल 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक किया जाएगा। टीम से अंदर-बाहर होना कितना मुश्किल रहा, यह पूछे जाने पर दिल्ली के इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि मैं हमेशा सकारात्मक रहता हूं, मैं हमेशा चीजों को सकारात्मक तरीके से लेता हूं। उन्होंने कहा कि चोटें लगना बहुत स्वाभाविक है इसलिए मैं इन्हें लेकर हाय तौबा नहीं मचाता। मैं सुनिश्चित करता हूं कि मेरी मानसिकता हमेशा सकारात्मक रहे और इससे काफी जल्दी चीजों को बेहतर करने में मदद मिलती है। श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में वापसी करने वाले धवन ने कहा कि मौजूदा श्रृंखला उनके पास फार्म में वापसी करने के लिए शानदार मौका है।

# टी20 विश्व कप के लिए शिखर धवन की बजाय केएल राहुल को प्राथमिकता देंगे श्रीकांत

गुवाहाटी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने रविवार को कहा कि वह इस साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिये शिखर धवन की जगह केएल राहुल को टीम में रखना पसंद करेंगे। धवन लंबी अवधि के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति में राहुल सीमित ओवरों की क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के एक स्थान के लिये प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। श्रीकांत ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ''श्रीलंका के खिलाफ रन मायने नहीं रखते। अगर मैं चयनसमिति का अध्यक्ष होता तो मैं टी20 विश्व कप के लिये धवन का चयन नहीं करता। उनके और राहुल के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है।''

# फिटनेस के लिए एक्ट्रेस राखी रोज जरूर करती है जॉगिंग

'हम पांच', 'देख भाई देख' आदि कई यादगार शोज का हिस्सा रही एक्ट्रेस राखी विजन इन दिनों 'नागिन 4' में नजर आ रही हैं। दो दशकों से ज्यादा समय से वह इंडस्ट्री में एक्टिव हैं, फिर भी अपनी फिटनेस के मामले में आज भी वह जवां दिखती हैं। फिटनेस के लिए राखी सिंपल फंडे अपनाती हैं। वह कहती हैं, खाने पर कंट्रोल रखिए और लाइट एक्सरसाइज भी जरूर कीजिए। एक नजर उनकी फिटनेस और डाइट पर।

राखी ने खास बातचीत में कहा कि मैं पंजाबी हूं और मेरी मां भी पंजाबी। हम पंजाबियों के हर खाने में ढेर सारी घी और मलाई होती है। बिना घी–मलाई के कोई खाना ही पूरा ही नहीं होता। यही वजह रही कि मेरी नौ से 13 की उम्र में 100 किलो से ऊपर की थी। जब आप हर खाने में घी और मलाई खायेंगे तो और क्या हो सकता है। उस वक्त ब्रांडेड कपड़े वाले मॉल नहीं होते थे। हां, कुछ दुकानें जरूर होती थीं, जहां हांगकांग और सिंगापुर के ब्रांडेड कपड़े मिलते थे। हर तीन महीने पर मेरी मां मुझे कपड़े दिलवाने वहां ले जाती थीं, क्योंकि मेरी साइज बढ़ती जा रही थी। एक वक्त ऐसा भी आया कि मेरे नाप की जीन्स मिलना बंद हो गयी। तब मेरी मां मेरे लिए जीन्स सिलवाने लगीं। टीनएज में आकर्षण हो ही जाता है। मैं भी अपनी बिल्डिंग के एक लड़के की तरफ आकर्षित हो गयी थी। मैं हमेशा से बहुत बिंदास और मुंह फट रही हूं, तो मैंने उसे जाकर प्रपोज भी कर दिया, लेकिन उस लड़के ने मेरा दिल तोड़ दिया। उसने मुझे कहा कि आइने में अपनी शक्ल देखो पहले। तुम सफेद हाथी लगती हो। उसकी उन बातों ने मुझे अंदर से हिलाकर रख दिया। उसके बाद मैंने तय कर लिया कि खुद को शेप में लाना है। उसके बाद मैंने वर्कआउट करना शुरू किया। टीनएज का जो मोटापा होता है, वह बेबी फैट होता है। आसानी से चला जाता है। मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ। मैं जल्द ही शेप में आ गयी। उसके बाद मैंने अपने वजन को हमेशा कंट्रोल में रखने की कोशिश की। अपने वर्कआउट रूटीन की बात करूं, तो मैं जिम पर्सन नहीं रही हूं, न ही योग करती हूं। मैं फिटनेस के लिए जॉगिंग, रनिंग और वॉक करती हूं। कम–से–कम एक घंटा हर दिन और रेगुलर इसे मेंटेन करती हूं।

मुझे कॉफी से है प्यार

राखी ने कहा कि मैं वर्कआउट ज्यादा नहीं करती। अपने खान–पान पर कंट्रोल करती हूं, क्योंकि मुझसे वही हो पाता है। यानी आप कह सकते हैं कि मुझे फिट रखने में मेरी डाइट का बहुत अहम योगदान है। मैं अपने मौजूदा डाइट की बात करूं, तो मैं एक पंजाबी फैमिली से होने के कारण



शुरू से नॉनवेजेंटेरियन रही हूं। सुबह के नाश्ते में अंडे और कुछ सॉसेज लेती हूं। मैं कार्बोहाइड्रेट से बचती हूं। मेरे भोजन में कार्बोहाइड्रेट होता ही नहीं। हां, मुझे कॉफी से प्यार है। मैं पूरे दिन भर में चार से पांच बार कॉफी पी लेती हूं। लंच में तंदूरी चिकन लेती हूं, कार्बोहाइड्रेट लंच में भी नहीं होता। आम तौर पर रात के खाने में एक ग्रिल्ड फिश लेती हूं, जिसमें कुछ टॉस वेजेस होते हैं। कुल मिलाकर अगर आप देखें, तो मेरे खाने में सबसे ज्यादा प्रोटीन ही होता है। हम एक्टर्स पर हमेशा ही खूबसूरत दिखने का दबाव होता है। आपलोगों ने देखा होगा कि प्रेग्नेंसी के बाद भी वजन बढ़ जाने पर एक्ट्रेसेज को बहुत कुछ सुनना पड़ता है, तो इसका ध्यान तो रखना ही होता है। मैं शाम के 7 बजे के बाद कुछ नहीं खाती। मैं डिनर करने के बाद अगली बार 12 से 16 घंटे बाद ही कुछ खाती हूं, भले ही मेरी शूटिंग सुबह 7 बजे क्यों न हो। मैं मिठाई बिल्कुल नहीं खाती हूं जबकि मुझे यह बहुत पसंद है। लेकिन मिठाई सेहत के लिए अच्छी नहीं होती, इसलिए मैं नहीं खाती हूं। खाना और एक्सरसाइज जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी नींद भी है। अगर आप अच्छी नींद नहीं लेंगे, तो ये आपके चेहरे पर असर करने लगता है।

परिचयः राखी विजन

जन्मः 22 जुलाई मुंबई

लंबाई व वजन रू 5 फुट–5 इंच, 59 किलो

एक्टिंग कैरियरः 1993 में लोकप्रिय हास्य धारावाहिक देख भाई देख से डेब्यू। अन्य प्रमुख शोज– बनेगी अपनी बात, हम पांच, जस्सी जैसी कोई नहीं, मि। कौशिक की पांच बहुएं, सजन रे फिर झूठ मत बोलो, नागिन 4।

हॉबीः म्यूजिक, ट्रैवलिंग

कुछ खासः राखी शुरू से एक्ट्रेस बनना चाहती थीं, मगर फैमिली को यह पसंद नहीं था। इसी कारण एक्ट्रेस बनने के बाद उनके पिताजी ने दो वर्षों तक उनसे बात तक नहीं की। उनकी शादी रवीना टंडन के भाई राजीव टंडन से हुई थी, जो तलाक से खत्म हुई।

# दूसरे हफ्ते भी बॉक्स ऑफिस पर मजबूत है गुड न्यूज, ताबड़तोड़ कमाई जारी

अभिनेता अक्षय कुमार और करीना कपूर खान की फिल्म गुड न्यूज बॉक्स ऑफिस पर अभी भी झंडे गाड़े हुए और ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। लोग फिल्म को काफी पसंद



कर रहे हैं। यही वजह है कि इसने महज एक सप्ताह में 127.90 करोड़ की कमाई की है। फिल्म ने दूसरे हफ्ते शुक्रवार को 8.10 करोड़ का बिजनेस किया है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट कर फिल्म की कमाई के आंकेड़े शेयर किये हैं। तरण आदर्श ने लिखा कि– गुड न्यूज दूसरे हफ्ते भी बॉक्स ऑफिस पर मजबूती से बनी है। फिल्म आसानी से 150 करोड़ कमा लेगी। फिल्म ने शुक्रवार को 17.56 करोड़, शनिवार को 21.78 करोड़, रविवार को 25.65 करोड़, सोमवार को 13.41 करोड़, मंगलवार को 16.20 करोड़, बुधवार को 22.50 करोड़, गुरुवार को 10 |80 करोड़ का कारोबार किया। फिल्म की अच्छी कमाई को देखते हुए अक्षय कुमार ने कहा– गुड न्यूज को मिलने वाली प्रतिक्रिया से हम बेहद खुश हैं, क्योंकि यह फिल्म एक ऐसे विषय पर आधारित है जिसे दर्शकों के साथ जरूर साझा किया जाना चाहिए था। यह काफी महत्वपूर्ण विषय है। मैं न केवल भारत के दर्शकों को, बल्कि विदेश के दर्शकों को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हमें खुले मन से स्वीकार किया। इस फिल्म के साथ ही मुझे यह विश्वास हो गया है कि अच्छे संदेश और विषय वाली फिल्म हमेशा सफलता और सराहना प्राप्त करती है। यहां आपको बता दें कि फिल्म गुड न्यूज को राज मेहता ने डायरेक्ट किया है। मूवी में अक्षय और करीना के अलावा दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी भी अहम रोल में हैं।

# एयरपोर्ट पर दीपिका पादुकोण को मिला सरप्राइज, पति रणवीर के साथ यूं सेलिब्रेट किया बर्थडे

दीपिका पादुकोण का बर्थडे है और उन्होंने पति रणवीर सिंह के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर ही सेलिब्रेशंस की शुरुआत कर दी। दीपिका लखनऊ के लिए निकल रही थीं तभी उनके एक फैन ने उनको सरप्राइज दिया। फैन ने दीपिका को केक कटवाया और वहां मौजूद फटॉग्रफर्स ने इस



मोमेंट को कैमरे में कैद किया। रणवीर और मौजूद लोगों ने उनके लिए हैपी बर्थडे भी गया। दीपिका ने उस फैन के साथ अपने पति रणवीर को भी केक खिलाया और फटॉग्रफर्स को पोज भी दिए। इस दौरान दीपिका और रणवीर दोनों ने फंकी आउटफिट्स पहने थे। डीपी ने ओवरसाइज्ड ऑरेन्ज स्वेटर पहना था जिसके साथ ब्लू शर्ट और बड़ा सा बो था, वहीं रणवीर डेनिम में थे और ओवरसाइज्ड विंटर कोट पहना था।

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक कपिल देव शुक्ला द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं0:25 लोलेपुर सुलतानपुर उ0प्र0. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट,पो0 व थाना कूरेभार, जिला-सुलतानपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित सम्पादक : **कपिल देव शुक्ला**, मो0 9415739288, 9721748962 सह संपादक : **अंकित "राधे"**
E-mail: kdshukla.79@gmail.com, वेबसाईट : www.kdnewslive.in समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।